झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग
कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010
दूरभाष सं0–0651–6577713
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या– 07/2017

झारखण्ड पुलिस रेडियो अवर निरीक्षक वितंतु प्रतियोगिता परीक्षा–2017

1. गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत पुलिस उप महानिरीक्षक, संचार एवं तकनीकी सेवाएँ का कार्यालय के अधीन पुलिस रेडियो अवर निरीक्षक वितंतु के 100 पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

2. **रिक्तियों की विवरणी :–**

पदनाम	कुल रिक्तियाँ कोटिवार	कुल रिक्ति के अधीन महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण
झारखण्ड पुलिस रेडियो अवर निरीक्षक वितंतु प्रतियोगिता परीक्षा–2017	अनारक्षित –50	5
	अनु0जाति–10	
	अनु0 जन जाति–26	
	अ0 पिछड़ा वर्ग (अनु0–1)–08	
	पिछड़ा वर्ग (अनु0–2)–06	
कुल	100	

3. **कंडिका– 2 में वर्णित पद का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् है:–**

क्रम सं॰	पदनाम	वेतनमान	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को)
1	2	3	4
1	अवर निरीक्षक वितन्तु	वेतन बैंड पी0बी0II– रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन– रू0 4200/–(छठा वेतनमान)	विधि द्वारा स्थापित एवं केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त स्वायत्तशासी संस्थान से इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में द्वितीय श्रेणी में डिप्लोमा या भौतिकी के साथ द्वितीय श्रेणी में बी0एस0सी0 अथवा इंटरमीडिएट विज्ञान के साथ बी0सी0ए0 की डिग्री। उच्च तकनीकी योग्यताधारी भी आवेदन दे सकते हैं।

4. **शारीरिक मापदण्डः–**

क्रमांक	आरक्षण वर्ग	ऊँचाई (सें॰मी॰)	सीना (सें॰मी॰) फूलाकर
1.	अनारक्षित / पिछड़ावर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग	न्यूनतम 160	न्यूनतम 81
2.	अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति	न्यूनतम 155	न्यूनतम 79
3.	महिला (सभी कोटि)	न्यूनतम 148	———

नोट : शारीरिक रूप से अशक्त तथा विकृत अभ्यर्थी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

5. आयु सीमा:–उम्र की गणना दिनांक 01.08.2017 के आधार पर की जायेगी।

क्रम सं0	वर्ग	न्युनतम उम्र	अधिकतम उम्र
1.	अनारक्षित	21 वर्ष	26 वर्ष
2.	अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति	21 वर्ष	30 वर्ष
3.	पिछड़ा वर्ग (अनु0–2) / अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनु0–1)	21 वर्ष	28 वर्ष

6. परीक्षा का स्वरूप :–आयोग द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) लिया जायेगा तथा एक विषय की परीक्षा यदि विभिन्न समूहो में लिया जाता है तो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का normalisation किया जायेगा। Normalisation का सूत्र अलग से आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित रहेगा। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थियों की मेधा सूची उनके प्राप्तांक के normalised अंक के आधार पर तैयार किया जायेगा तथा परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात उन्हें normalised अंक ही दिया जायेगा।

परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :– परीक्षा चार चरणों में ली जायेगी –

(क) प्रारम्भिक परीक्षा
(ख) मुख्य परीक्षा
(ग) शारीरिक दक्षता परीक्षा
(घ) चिकित्सीय जाँच परीक्षा

(क) प्रारम्भिक परीक्षा :–

(i) प्रारम्भिक परीक्षा में एक पत्र सामान्य ज्ञान का होगा।

पत्र – सामान्य ज्ञान (कुल प्रश्न – 120, परीक्षा अवधि – 2 घंटा)

(क)	सामान्य अध्ययन	–	40 प्रश्न
(ख)	सामान्य विज्ञान	–	20 प्रश्न
(ग)	सामान्य गणित	–	20 प्रश्न
(घ)	मानसिक क्षमता जाँच	–	20 प्रश्न
(ङ)	कम्प्यूटर का मूल भूत ज्ञान	–	20 प्रश्न
	कुल	–	120 प्रश्न

(ख) मुख्य परीक्षा :–

मुख्य परीक्षा के लिए तीन पत्र होंगे। यह परीक्षा तीन पाली में ली जायेगी। इसमें निम्न विषय रहेंगे :–

पत्र – 1 (सामान्य हिन्दी एवं भाषा ज्ञान) : कुल प्रश्न–120, परीक्षा अवधि – 2 घंटा

(क)	हिन्दी भाषा ज्ञान (अनुच्छेद आधारित)	–	60 प्रश्न
(ख)	हिन्दी भाषा ज्ञान (व्यकारण पर आधारित)	–	60 प्रश्न

टिप्पणी : इस विषय में उम्मीदवारों को न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा, अन्यथा वे असफल घोषित होंगे। 30 प्रतिशत अंक से अधिक प्राप्तांक को कुल प्राप्तांक में नहीं जोड़ा जाएगा। अर्थात इस विषय की परीक्षा क्वालिफाईंग (Qualifying) प्रकृति की होगी।

पत्र – 2 (सामान्य ज्ञान): कुल प्रश्न–120, परीक्षा अवधि–2 घंटा

(i) सामान्य ज्ञान	(क)	सामान्य विज्ञान	–	20 प्रश्न
	(ख)	गणित	–	20 प्रश्न
	(ग)	कम्प्यूटर	–	20 प्रश्न

(घ) समसामयिक विषय – 20 प्रश्न
(ङ) खेलकूद एवं सिनेमा – 20 प्रश्न
(च) मानसिक क्षमता जाँच – 20 प्रश्न

पत्र – 3. (व्यवसायिक ज्ञान): कुल प्रश्न–120, परीक्षा अवधि–2 घंटा

इसके तहत उपर्युक्त कंडिका–4 में अंकित विषयों के पाठ्यक्रम से संबंधित डिप्लोमा/स्नातक स्तर के प्रश्न पूछे जायेंगे। इस पत्र में तीन खंड होंगे। अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता से संबंधित किसी एक खंड का उत्तर देना अनिवार्य होगा।

टिप्पणी :– कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के पत्र–2 एवं पत्र–3 में प्राप्त अंकों को जोड़ कर कुल अकों के आधार पर मेधा सूची का गठन किया जायेगा।

6. परीक्षा शुल्कः–

परीक्षा शुल्क रू॰ 460 (चार सौ साठ रूपये) है।

परीक्षाशुल्क में छूटः–झारखण्डराज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू॰ 115 (एक सौ पन्द्रह रूपये) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

7. महत्वपूर्ण तिथि

(i)	**ऑन–लाईन आवेदन आरम्भ की तिथि**	**04.08.2017- 11.00 AM**
(ii)	**ऑन–लाईन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि**	**02-09-2017- 5.00 PM**
(iii)	**परीक्षा शुल्क भुगतान करने की विस्तारित तिथि**	**07-09-2017- 5.00 PM**
(iv)	**फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की विस्तारित तिथि**	**09-09-2017- 5.00 PM**
(v)	**कम्प्यूटर आधारित प्रारंभिक परीक्षा की सम्भावित अवधि**	**06.11.2017 से 17.11.2017**

8. यह संक्षिप्त विज्ञापन आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है। आयोग के वेबसाईट– www.jssc.in अथवा www.jssc.nic.in पर परीक्षा की विविरणिका में विस्तृत सूचना उपलब्ध है जिसे इच्छुक अभ्यर्थी अवश्य डाउनलोड कर देख लें एवं उसके अनुसार ही आवेदन पत्र समर्पित करें। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक।